हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 25 अक्टूबर 2026

खबर संक्षेप

आज शहर में निकलेगी आरक्षण बचाओ रैली



राजनांदगांव। शहर के ईमाम चौक फ्लाई ओवर के नीचे जेन-जी युवा वर्ग द्वारा नौकरियों में आउटसोर्सिंग का विरोध किया जा रहा है। यहां आरक्षण नियमों का पालन नहीं होने के मामले को लेकर संवैधानिक आरक्षण बचाओ रैली का आयोजन 25 अक्टूबर को किया जाएगा। आयोजनकर्ताओं द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस करते जानकारी दी गई। आरक्षण बचाओ रैली को लेकर जेन-जी युवा वर्ग छत्तीसगढ़ के प्रदेश संयोजक एडवोकेट नरेंद्र कुमार ने कहा कि संवैधानिक प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ़ का जेन-जी युवा वर्ग द्वारा धरना प्रदर्शन रैली निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि आज भी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग समाज के संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक न्याय, प्रतिनिधित्व, शिक्षा, रोजगार एवं आजीविका से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषय लंबित हैं। इन मुद्दों के समाधान एवं संविधान प्रदत्त अधिकारों की रक्षा हेतु यह आयोजन किया जा रहा है । यह रैली संविधान, सामाजिक न्याय, प्रतिनिधित्व, शिक्षा, रोजगार, युवा अधिकारों एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए समर्पित है।

आंदोलन की विभिन्न मांगे

जनसंख्या के अनुरूप सामाजिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने हेतु आरक्षण व्यवस्था को प्रभावी बनाने ओबीसी वर्ग 27 प्रतिशत एवं एससी वर्ग 13 प्रतिशत लंबित आरक्षण लागू किया जाए। वहीं आउटसोर्सिंग, संविदा एवं वैकडोर भर्ती के माध्यम से राज्य में आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने पर रोक लगाई जाए। रोजगार एवं नियोजन विभाग द्वारा 75 पदों के लिए प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से सूचना जारी करते आरक्षण के आधार पर भर्ती की जाए और स्वामी आत्मानंद विद्यालय में शिक्षकों की भर्ती के लिए स्कूल को यूनिट मानकर की जा रही 1812 पदों पर भर्ती बंद करने सहित 20 बिंदुओं पर मांग की गई है।

माए एंगल



खरीदी में सख्ती: टोकन डिलीट हुआ तो दोबारा एक बार मिलेगा मौका

कम धान लाए तो बचा रकबा होगा लैप्स, दोबारा नहीं मिलेगा टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में इस बार किसानों के लिए नियम सख्त कर दिए गए हैं। टोकन में जितनी मात्रा दर्ज होगी, किसान को उतनी ही मात्रा में धान उपार्जन केंद्र लाना होगा। इससे कम धान लाने पर बची हुई मात्रा के अनुपात का रकबा लैप्स हो जाएगा। इसके बाद उस रकबे के लिए दोबारा टोकन जारी नहीं किया जाएगा।

अलग खबर

प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि पिछले 15 अक्टूबर को हुई बैठक में इस तरह का फरमान जारी किया गया है। सूत्रों ने बताया कि टोकन कटने के बाद निर्धारित तारीख पर किसान धान लेकर नहीं पहुंचता है और टोकन डिलीट हो जाता है तो उसे दोबारा टोकन जारी कराने का सिर्फ एक मौका मिलेगा। दूसरी बार टोकन डिलीट होने पर संबंधित मात्रा का रकबा लैप्स कर दिया जाएगा। नई व्यवस्था का उद्देश्य धान खरीदी में होने वाली गड़बड़ी, फर्जीवाड़े और एक ही रकबे के बार-बार उपयोग पर रोक लगाना है। इस बार खरीदी प्रक्रिया को डिजिटल सत्यापन और रियल टाइम रिकॉर्ड से जोड़ा जा रहा है। धान बेचने के लिए किसान का बायोमीट्रिक सत्यापन अनिवार्य रहेगा। अंगूठे के निशान अथवा आइरिस स्कैन से किसान की पहचान सत्यापित होने के बाद ही खरीदी की जाएगी। खरीदी की एंट्री भी रियल टाइम डेटाबेस में दर्ज होगी। इससे बाद में रिकॉर्ड में हेरफेर की संभावना कम होगी।

खास बातें

- जिले में सवा लाख से अधिक किसान बेचते हैं सरकार को अपनी उपज
- नए निर्णय से गड़बड़ी और फर्जीवाड़ा रोकने में मिलेगी मदद
- डिजिटल सत्यापन भी कराना जरूरी



70 प्रतिशत टोकन मोबाइल से

इस बार टोकन जारी करने की व्यवस्था में भी डिजिटल माध्यम को प्राथमिकता दी गई है। कुल टोकन में से 70 प्रतिशत मोबाइल एप के माध्यम से और 30 प्रतिशत समितियों के जरिये जारी किए जाएंगे। इससे टोकन व्यवस्था में पारदर्शिता लाने और अनावश्यक भीड़ कम करने का प्रयास किया गया है।

खरीदी की तैयारियां प्रारंभ

इधर आगामी दिनों होने वाली सरकारी धान खरीदी को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार समितियों को निर्देशित किए जाने के साथ ही प्रशासन ने अपने स्तर पर बारदाना की व्यवस्था के साथ ही पंजीयन की प्रक्रिया को भी अब अंतिम रुप देना शुरु कर दिया है। उल्लेखनीय है कि इस बार जिले में धान खरीदी के लिए समितियां भी बढ़ी है।

21 क्विंटल कम लाया तो एक एकड़ लैप्स

मान लीजिए किसी किसान के पास 4 एकड़ जमीन है और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से कुल 84 क्विंटल धान का टोकन कटता है। यदि किसान खरीदी के दिन केवल 63 क्विंटल धान लेकर पहुंचता है तो शेष 21 क्विंटल यानी एक एकड़ के बराबर रकबा लैप्स हो जाएगा। इस एक एकड़ के लिए बाद में नया टोकन नहीं मिलेगा।

धान में नमी होने पर किसान होंगे परेशान

इस आदेश के जारी होने के पहले ही किसान इस बात से ही परेशान हो गए है कि यदि टोकन के हिसाब से ही किसान धान लेकर सोसाईटी पहुंच रहे हैं और वहां यदि धान में नमी मिलती है और प्रबंधक द्वारा उसे वापस लौटाया जाता है तो फिर ऐसी स्थिति में किसान इस धान को दूसरे टोकन में जोड़कर नहीं बेच पाएगा।

रकबे के हिसाब से टोकन की सीमा

नई व्यवस्था में 2 एकड़ तक भूमि वाले किसान को एक टोकन दिया जाएगा। 2 से 10 एकड़ तक के रकबे पर अधिकतम दो टोकन तथा 10 एकड़ से अधिक रकबे वाले किसान को अधिकतम तीन टोकन जारी किए जाएंगे। दो टोकन की स्थिति में धान की मात्रा 50-50 प्रतिशत और तीन टोकन की स्थिति में 33-33-34 प्रतिशत के अनुपात में विभाजित होगी।

एग्रीस्टैक से जुड़ेगा किसान का रकबा

किसान के रकबे को एग्रीस्टैक आधारित पंजीयन व्यवस्था से जोड़ा जा रहा है। किसान के अलग-अलग गांवों में दर्ज रकबे की जानकारी एक ही सिस्टम में उपलब्ध रहेगी, जिस खसरे के रकबे पर टोकन जारी होगा, उसे सॉफ्टवेयर में चिन्हित कर दिया जाएगा। इसके बाद उसी रकबे का दोबारा इस्तेमाल कर धान बेचने की अनुमति नहीं होगी।

कमजोरी छुपाने घुमका सोसायटी में तालाबंदी!

वेतन नहीं मिलने पर समिति में लगा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सेवा सहकारी समिति घुमका में तालाबंदी को लेकर चल रहे विवाद के पीछे अब गंभीर प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितताओं के साथ-साथ किसानों को संकट में डालने की रणनीति सामने आई है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा जोरों पर है कि समिति कर्मचारी अपनी कमजोरियों और गलतियों पर पर्दा डालने के लिए तालाबंदी का सहारा ले रहे हैं। जबकि असल समस्या आंतरिक वित्तीय संकट और संभावित जांच का खौफ है।

इस पूरे मामले का एक बड़ा पहलू कर्मचारियों के भविष्य निधि से जुड़ा हुआ है। वर्ष 2016-17 के दौरान सोसायटी कर्मचारियों के पीएफ की राशि केंद्रीय बैंक घुमका के तत्कालीन शाखा प्रबंधक द्वारा रोक दी गई थी। इसके बाद जब कुछ कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए और उन्हें पीएफ का भुगतान नहीं हो सका, तो पीएफ विभाग ने सख्त रूख अपनाते हुए करीब एक वर्ष पूर्व सोसायटी के बचत खाते को ही होल्ड कर दिया। खाता बंद होने के कारण समिति के पास कर्मचारियों को वेतन बांटने तक का पैसा नहीं बचा है। वित्तीय संकट को और अधिक गहरा करने में धान खरीदी के दौरान होने वाली कथित गड़बड़ियां भी मुख्य वजह बनी हुई है। विगत छह-सात वर्षों से समिति में धान खरीदी के दौरान भारी शार्टेज की समस्या लगातार बनी हुई है। जिसके चलते समिति को मिलने वाला कमीशन रूका हुआ है। आरोप है कि हर साल फर्जी रकबे की आड़ में बिना धान की वास्तविक आवक के ही कागजों पर फर्जी खरीदी दर्शाकर राशि आहरित करने का खेल खेला जाता रहा। परिवहन के समय धान की मात्रा कम पड़ना तय रहता है। जिससे हर बार भारी शार्टेज दर्ज होती है और समिति को कमीशन से हाथ धोना पड़ता है। लंबे समय से कमीशन न मिलने और बचत खाता सीज होने से समिति के पास आर्थिक संसाधन पूरी तरह समाप्त हो चुके हैं। अब जब हालात नियंत्रण से बाहर हो चुके हैं और फर्जीवाड़े की जांच व उच्च स्तरीय कार्रवाई की तलवार लटक रही है, तब जिम्मेदार कर्मचारी कार्रवाई के डर से ऐन वक्त पर तालाबंदी का माहौल बनाकर शासन-प्रशासन को परेशानी में डालने का प्रयास कर रहे हैं।

खरीदी से पहले काम ठप

आगामी 15 नवंबर से प्रदेशभर में धान खरीदी का महाअभियान शुरू होना है। वहीं दूसरी ओर रबी फसलों की तैयारी के लिए किसानों को नगद ऋण, खाद और उन्नत बीज वितरण की तत्काल आवश्यकता है। ऐसे नाजुक समय में समिति में तालाबंदी कर खाद-बीज और ऋण का वितरण पूरी तरह ठप्प कर दिया गया है। इतना ही नहीं आगामी धान खरीदी के लिए किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन, रकबा सुधार और धान बेचने के लिए जरूरी नॉमिनी जुड़वाने जैसे अति-महत्वपूर्ण कार्य भी अधर में लटक गए हैं। जांच से बचने के लिए किसानों के जरूरी काम ठप्प कर प्रशासन पर दबाव बनाने के इस पैतरे से क्षेत्र के अन्नदाताओं में भारी आक्रोश पनप रहा है।

सुपरवाइजर का ट्रांसफर, काम बंद कर धरने पर बैठी स्वच्छता दीदियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के लखोली एसएलआरएम सेंटर सुपरवाइजर का ट्रांसफर किए जाने के मामले को लेकर स्वच्छता दीदियों ने अपने सेंटर में बैठकर धरना प्रदर्शन किया और हड़ताल करते हुए काम बंद रखा।

लखोली की सेंटर सुपरवाइजर को बिना किसी वजह के इंदिरा नगर सेंटर में ट्रांसफर किए गाने को लेकर स्वच्छता दीदियों ने नाराजगी जाहिर करते कचरा संग्रहण केंद्र में हड़ताल कर दिया। स्वच्छता दीदी अपने केंद्र में ही धरने पर बैठ गई। इस दौरान उन्होंने सेन्टर सुपरवाइजर को वापस लखोली केंद्र में भेजने को लेकर मांग की। सेंटर सुपरवाइजर सीमा मेश्राम ने बताया कि उनका त्रुटिपूर्ण ट्रांसफर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सनसिटी क्षेत्र से एक शिकायत मिली थी। जिसके बाद उनका ट्रांसफर लखोली सेन्टर से इंदिरा नगर कर दिया गया। जबकि सनसिटी का क्षेत्र भरकापारा सेन्टर में आता है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा अगस्त माह में उनका ट्रांसफर किया गया था, जब उन्होंने अपने ट्रांसफर की वजह जाननी चाही तो कहा गया कि सनसिटी से कंप्लेंट मिली है। सेंटर सुपरवाइजर का कहना है कि उनका कार्य क्षेत्र सनसिटी आता ही नहीं है, लेकिन फिर भी ट्रांसफर किया गया और अधिकारियों ने कहा कि त्रुटिवश ट्रांसफर हो गया कहा है। वहीं कुछ दिन बाद लखोली सेंटर वापस भेज देंगे भी कहा था, लेकिन 2 दिन पहले उनका ट्रांसफर भरकापारा सेन्टर में कर दिया गया है।

अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

लखोली कचरा संग्रहण केन्द्र में स्वच्छता दीदियों ने हड़ताल करते यहां की सेन्टर सुपरवाइजर सीमा मेश्राम को वापस लखोली सेन्टर भेजने को लेकर नारेबाजी की और मांग पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने चेतावनी दी।

गुंडा-बदमाशों को किया थाना तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी पर्व को देखते हुए पुलिस विभाग ने भी अब लगाम लगाना शुरु कर दिया है। इसी परिपेक्ष्य में थाना लालबाग क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने निगरानी एवं गुंडा बदमाशों को थाना तलब किया। इस दौरान उन्हें आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने एवं लोक शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु समझाईश दी गई।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक सत्यप्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन पर थाना क्षेत्र अंतर्गत निगरानी एवं गुंडा बदमाशों को आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने हिदायत दी गई। 23 अक्टूबर को लालबाग थाना प्रभारी द्वारा थाना लालबाग के क्षेत्रांतर्गत निगरानी एवं गुंडा बदमाशों को थाना तलब कर सभी बदमाशों को सभी प्रकार के आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने एवं लोक शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु हिदायत एवं समझाईश दिया गया।



चंद्रमा की किरणों में रखी खीर का होगा वितरण

शरद पूर्णिमा पर्व पर आज पूजा-अर्चना के साथ बंटेगी खीर, सभी मंदिरों में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शरद पूर्णिमा का पर्व कल रविवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर शहर के मंदिरों सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों में व्यापक तैयारियां की गई है। इस अवसर पर पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान और खीर वितरण सहित विभिन्न आयोजन होंगे। शहर से लेकर गांवों और मोहल्लों तक शरद पूर्णिमा को लेकर लोगों में उत्साह है। सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के साथ ही स्थानीय समितियों ने भी पर्व की तैयारियां की है।

शरद पूर्णिमा का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व माना जाता है। मान्यता है कि इस रात चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है और उसकी किरणों से अमृत की वर्षा होती है। इसी विश्वास के चलते शरद पूर्णिमा की रात खुले आसमान के नीचे खीर रखने की परंपरा प्रचलित है। श्रद्धालु रात में खीर बनाकर चंद्रमा की रोशनी में रखते हैं और दूसरे दिन प्रसाद के रूप में ग्रहण करते तथा वितरित करते हैं। इसे सुख-समृद्धि, आरोग्य और खुशहाली से जोड़कर देखा जाता है।

मान्यता के अनुसार शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणों में रखी खीर का विशेष महत्व होता है। इसी परंपरा के तहत मंदिरों और घरों में खीर तैयार कर चंद्रमा की रोशनी में रखी जाएगी। श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना करेंगे। शरद पूर्णिमा को लेकर शहर के विभिन्न मोहल्लों के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी तैयारियां की गई है। कई स्थानों पर सामूहिक रूप से खीर वितरण और धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। परिवारों में भी पर्व को लेकर उत्साह है। लोग परंपरागत तरीके से पूजा-अर्चना कर खीर का प्रसाद ग्रहण करेंगे।

पाताल भैरवी मंदिर में विशेष आयोजन

शहर के मां पाताल भैरवी मंदिर परिसर में शरद पूर्णिमा के अवसर पर विशेष तैयारियां की गई है। यहां 26 अक्टूबर को अलसुबह जड़ी-बूटी युक्त खीर का वितरण किया जाएगा। मंदिर परिसर में वर्षों से शरद पूर्णिमा पर खीर वितरण की परंपरा निभाई जा रही है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस बार भी आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है।

मंदिरों में उमड़ेगी भीड़ : पंचांग अनुसार पूर्णिमा तिथि 25 अक्टूबर सुबह 11.55 बजे प्रारंभ होकर 26 अक्टूबर सुबह 9.41 बजे समाप्त होगी। इस दौरान मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बने रहने की संभावना है। धार्मिक आस्था, परंपरा और सामूहिक सहभागिता के बीच पर्व मनाया जाएगा।

खबर संक्षेप

स्वयंसेवकों ने कॉलेज में की सफाई



एलबी नगर। स्थानीय कुंजबिहारी चौबे महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने नियमित गतिविधि अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया। प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देश और रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अरुण साहू के मार्गदर्शन में दलनायक रितेश पटेल, उपदल नायक डेकेश्वर और उपदल नायिका चेतना साहू सहित स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर, साइकिल स्टैंड एवं गार्डन की सफाई किया। स्वयंसेवकों ने पौधों के समीप उगे घास की सफाई कर पानी रोकने के लिए गड्ढा किया।

थेरेपी सेंटर का स्थान बदलने की मांग

डोंगरगढ़। नगर के पुराने अस्पताल भवन में थेरेपी सेंटर का संचालन किया जा रहा है किन्तु यहां कार्यरत अधिकारी कर्मचारी अपने हिसाब से ड्युटी में आते है जिससे इस थेरेपी सेंटर का अपेक्षित लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है। अब नवीन अस्पताल में ही थैरेपी सेंटर संचालित करने की मांग उठ रही है। लोगों का कहना है। मरीजों को अलग अलग परेशानी होने पर यहां वहां भटकना पड़ता है। आने जाने परेशानी होने के साथ खर्च भी होता है।

रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात का शव

डोंगरगढ़। एक अज्ञात व्यक्ति के ट्रेन की चपेट में आने से मौत होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार गत 23 अक्टूबर को उप स्टेशन मास्टर जटकन्हार ने एक अज्ञात व्यक्ति के ट्रेन से रन ओवर होने की सूचना दी थी। सूचना मिलने के बाद जीआरपी ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

धान खरीदी एक नवंबर से करने की मांग

डोंगरगढ़। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने



की घोषित तारीख पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण के सचिव विष्णु लोधी ने धान खरीदी एक नवंबर से करने और किसानों को 3358 रूपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के लिए किसानों को परिवार और घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए पैसों की आवश्यकता होती है। धान खरीदी में विलंब होने से किसान दीपावली के पहले अपनी उपज नहीं बेच पाएंगे। उन्होंने किसानों की परिस्थितियों को समझते हुए धान खरीदी की तारीख पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

शिक्षकों को एलईडी बोर्ड का प्रशिक्षण

बेलगांव। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के होलिस्टिक रूरल डेवलपमेंट



प्रोग्राम अंतर्गत समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट ने देवकट्टा, शिवपुरी, भोंथली एवं मुरमुंदा के विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय एवं फिल्टर युक्त पेयजल व्यवस्था की सुविधा उपलब्ध कराई है। इन सुविधाओं के बेहतर संचालन के लिए शिक्षकों को एलईडी बोर्ड का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को एलईडी बोर्ड के उपयोग, डिजिटल शैक्षणिक सामग्री के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने तथा आधुनिक तकनीक के प्रभावी इस्तेमाल की जानकारी दी गई।

मोहगांव में युवा उत्सव 27 को

सड़क अतरिया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य अगामी 27 अक्टूबर को मोहगांव में विकासखंड स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन किया गया है। खेल एवं संगीत में रूचि रखने वाले 15 से 29 वर्ष के युवा शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। आयोजन में विकसित भारत चैलेंज ट्रैक, लोक गीत, लोक नृत्य, चित्रकला, निबंधन लेखन, नुक्कड़ नाटक, पारंपरिक वेशभूषा, राकबैड सहित अन्य विधा शामिल है।

खेमलता ने जीता कांस्य पदक

जेवरतला रोड। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा की छात्रा खेमलता ने



राज्य स्तर पर आयोजित कुराश प्रतियोगिता के 73 किलोग्राम वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता बलौदा बाजार में आयोजित की गई थी। कड़े मुकाबले के बीच उसने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। संस्स्था प्रमुख टीएल देवांगन, पीटीआई रीना बोरकर, अजय पाठक, चंद्रमणि वासनिक, चंद्रा देबनाथ, रेशमी साहू, हेपशीबा एंथोनी, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, नीलिमा रजक आदि ने भी बधाई दी है।

छात्रों के नाम मतदाता सूची में दर्ज

जेवरतला रोड। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उच्चतर



माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में नए और युवा मतदाताओं की प्रजातंत्र में भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन प्राचार्य टीएल देवांगन के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी और अजय पाठक ने नए मतदाताओं को प्रोत्साहित कर फार्म भरने में सहयोग करते हुए उचित दस्तावेजों के साथ बीएलओ के पास जमा किया। शिविर में केशर कुमार, शिवा, दीपाली, हर्षिता, झमिता, रूपाली, राजेश्वरी, खोमेश्वरी सहित अन्य 13 विद्यार्थियों के आवेदन जमा किए गए।

निधन



शिवकुमार मिश्रा

डोंगरगढ़। स्थानीय निवासी शिवकुमार मिश्रा का आकस्मिक निधन हो गया। वह पुलिस विभाग में 30 साल से पदस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार उनके निज निवास गोलोकवास के मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर परिजनों एवं सामाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया है।

कांग्रेस के प्रदर्शन के बाद कार्रवाई

कांग्रेस नेता से मारपीट, दो आरक्षक किए गए लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

दशहरा के दिन हुई थी घटना

दशहरा के दिन पुलिस कुछ युवकों तथा घटनाक्रम की वीडियोग्राफी करने वाले कांग्रेस नेता के साथ भी कथित मारपीट का मामला सामने के बाद पुलिस अधीक्षक ने यहां पदस्थ दो आरक्षकों को लाइन अटैच कर दिया है। इस मामले की जांच जारी है और आने वाले समय में कुछ और के कार्रवाई के दायरे में आने की संभावना को देखते हुए शिकायतकर्ताओं पर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि आत्मानंद स्कूल मैदान में आयोजित दशहरा महोत्सव के दौरान कुछ युवकों के साथ मारपीट की घटना हुई थी। आरोप है कि पुलिस ने घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग कर रहे कांग्रेस नेता राकेश साहू के साथ भी मारपीट किया था। इस घटना के विरोधस में कांग्रेस नेताओं ने गुरुवार को प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की थी।



मोबाइल छीनने का आरोप

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि दशहरा के दौरान आत्मानंद स्कूल के समीप हिमांशु रजक, अभिषेक साहू सहित अन्य युवकों को घुटने के बल बैठाया गया था और मारपीट की जा रही थी। कांग्रेस का आरोप है कि मौके पर मौजूद लोग सहमे हुए थे किन्तु पुलिस अधिकारी किसी की बात नहीं सुन रहे थे। इसी दौरान कांग्रेस नेता राकेश साहू द्वारा वीडियो रिकॉर्डिंग करने पर उसका मोबाइल छीन लिया गया। उन्हें देर रात तक थाने में बैठाकर रखने का भी आरोप कांग्रेस ने लगाया था।

दो लाइन हाजिर

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने एक आदेश जारी कर आरक्षक चंद्रकांत सोनी ओर बिसराम वर्मा को रक्षित केंद्र राजनांदगांव में आगामी आदेश तक के लिए पदस्थ कर दिया है। इस कार्रवाई को दशहरा के दिन घटी घटना से जोड़ कर देखा जा रहा है। पता चला है कि शिकायत की जांच जारी है। जांच के बाद कुछ पर कार्रवाई हो सकती है। बताया जाता है कि अब कांग्रेस नेताओं के माध्यम से शिकायतकर्ताओं पर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

जिपं सीईओ ने लिया विकास कार्यों का जायजा



- अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत मानपुर नाका में शनिवार को तड़के सुबह साढ़े सात बजे जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमकुमार पटेल ने दौरा किया। उन्होंने पंचायत में हो रहे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

सभी अपूर्ण कार्यों को समय सीमा से पूर्व पूर्ण करने निर्देशित किया। श्री पटेल ने पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों से विकसित भारत निर्माण के संबंध में विस्तृत चर्चा किया। ग्रामीणों को वी वी रामजी एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभ उठाने प्रेरित किया। उन्होंने लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। श्री पटेल ने पूर्व माध्यमिक शाला का भी निरीक्षण किया। विद्यालय में सभी शिक्षक उपस्थित मिले। पटेल ने शाला भवन एवं उपलब्ध साधनों की जानकारी लेकर छात्रो से चर्चा किया एवं अध्यापन स्तर का परख किया। उन्होंने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर बेहतर अध्ययन करने प्रेरित किया। उन्होंने प्रधान पाठक को शाला भवन के जीर्णोद्धार, जर्जर कीचन शेड का निर्माण तथा बालिका शौचालय को डिस्मेंटल करने का प्रस्ताव भेजने निर्देशित किया। इस अवसर पर सरपंच बोधन सिंह मेरावी, जीतम धनकर, भंवरसिंह मेरावी, दीपक पाल, जुड़ावन मेरावी, गिरधर मेरावी, मोतीलाल नेताम, मंगल नेताम, कृष्णा पुडेटी, नरेश कुंजाम, भानु नेताम, श्यामु मेरावी, उकेश नेताम, मोहन धुर्वे, साधु धुर्वे आदि मौजूद रहे।

क्रिकेट में कांकेर और महासमुंद की जीत

- कांकेर ने महासमुंद को 64 रन से हराया, दूसरे मैच में महासमुंद ने कोरिया को 7 विकेट से दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संचालित अंडर-19 प्लेट ग्रुप अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता के मुकाबले दिग्विजय स्टेडियम में खेले जा रहे हैं। 21 अक्टूबर को खेले गए पहले एक दिवसीय मैच में जिला क्रिकेट एसोसिएशन कांकेर ने महासमुंद को 64 रन से पराजित कर विजयी शुरूआत की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते कांकेर की टीम ने 46.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 279 रन बनाए। कांकेर के विकेटकीपर बल्लेबाज अभिनव कुमार ने 67 गेंद में 9 चौके और 5 छक्कों की मदद से 87 रन की आक्रामक पारी खेली। वहीं कप्तान आयुष कुमार ने 67 गेंद में 48 रन बनाए। 280 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी महासमुंद की टीम निर्धारित 50 ओवर में 215 रन ही बना सकी।

कप्तान अनमोल द्विवेदी ने 75 गेंद में 74 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन अन्य बल्लेबाज लंबी साझेदारी करने में सफल नहीं हो सके।

महासमुंद ने 7 विकेट से हराया

22 अक्टूबर को खेले गए दूसरे एक दिवसीय मुकाबले में महासमुंद ने कोरिया को 7 विकेट से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोरिया की टीम 33 ओवर में 131 रन बनाकर सिमट गई। कोरिया की ओर से कप्तान आबिद अली ने 38 और प्रखर पांडे ने 32 रन बनाए। महासमुंद के कप्तान अनमोल द्विवेदी ने शानदार गेंदबाजी करते 22 रन देकर 6 विकेट हासिल किए। 132 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी महासमुंद की टीम ने 22 ओवर में 3 विकेट खोकर जीत दर्ज कर ली। स्पर्धा के दौरान दर्शकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

सेमीफाइनल आज

25 अक्टूबर को सेमीफाइनल का महत्वपूर्ण मैच आयोजित होगा। यह जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने दी।

मिलावटी खोवा और पनीर का खतरा

- खाद्य विभाग की निष्क्रियता से बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

दीपावली नजदीक आते ही शहर और आसपास के इलाकों में मिठाइयों की मांग बढ़ने लगी है। आने वाले दिनों में मांग में और इजाफा होगा। भारी मांग को देखते हुए नकली खोवा, पनीर और उससे बनी मिठाइयों के खपने की आशंका गहरा रही है जिसे रोकने के लिए खाद्य विभाग की तरफ से कार्रवाई नहीं की जा रही है।

जानकारी के अनुसार त्योहारों पर मांग पूरी करने के लिए स्थानीय होटल और मिष्ठान भंडार वाले बड़े पैमाने पर अन्य जिलों या राज्यों से खोवा और पनीर मंगाते हैं। शहर की कई होटलों में जिस प्रतिष्ठान या सप्लायर से खोवा और पनीर आता है, उनके उत्पाद पूर्व की जांच में मिलावटी या नकली पाए जा चुके हैं। इसके बावजूद उन पर रोक नहीं लगी है।

विभाग की ढिलाई

जानकारी के अनुसार खाद्य विभाग त्योहारों के ठीक पहले कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता निभाता है। बताया जाता है कि विभाग का अमला जांच के नाम पर केवल उगाही करने आता है यही वजह है कि विभाग की टीम जब सक्रिय होती है, तब तक मिलावटी मिठाइयों की बड़ी खेप लोगों के घरों तक पहुंच चुकी होती है। उल्लेखनीय है कि नकली खोवा और सिंथेटिक पनीर में यूरिया, डिटर्जेंट, स्टार्च और खराब क्वालिटी के पाम ऑयल का इस्तेमाल किया जाता है, जो लिवर, किडनी और पाचन तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं। त्योहारों के समय बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर इसका सबसे बुरा असर पड़ता है। समय रहते खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने होटलों और सप्लायरों के यहां औचक निरीक्षण कर नमूने नहीं लिए, तो जनता की सेहत के साथ बड़ा खिलवाड़ हो सकता है।

लाइसेंस का अभाव

खाद्य सुरक्षा नियमों को ताक पर रखकर शहर के अधिकांश होटल और भोजनालय बिना वैध लाइसेंस के संचालित हो रहे हैं। कई तो फर्जी नामों या पुराने रजिस्ट्रेशन के सहारे चल रहा है।

साल्हेभट्टी ने फाइनल में चिंचवाही को हराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ औंधी

ग्राम चिंचवाही में लिटिल स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में वीर शहीद गेंदसिंह नायक स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अनेक टीमों ने भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में साल्हेभट्टी की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसे पुरस्कार के रूप में 10001 रूपए एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया। उपविजेता रही मेजबान चिंचवाही की टीम को 7001 रूपए एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। तीसरे स्थान पर रही धनोरा टीम को 4001 का नकद दिया गया।

6 ओवरों के खेले गए फाइनल मुकाबले में चिंचवाही ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। साल्हेभट्टी को जीत के लिए 43 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए साल्हेभट्टी के बल्लेबाजों ने धैर्य और संयम का परिचय देते हुए अंतिम ओवर की 5वीं गेंद पर जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में त्रिवेन्द्र आत्रम और मनीष उइके ने अपनी कसी हुई गेंदबाजी से विपक्षी बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले उमेश बंसोड़ को बेस्ट ऑलराउंडर के पुरस्कार से नवाजा गया। इस दौरान आकाश बंसोड़, जागेश्वर रावटे, राजकुमार बोरकर, उत्तम कमेटी, मनीष साहू, अजय कुमेटी, प्रफुल बोरकर, राजेंद्र उइके सहित अन्य मौजूद थे। पुरस्कार वितरण जनपद सदस्य पुष्पा आत्रम, कंसराम किरसान, भानु रावटे, टीकम कोठारी, आशीष निर्मलकर, बाली मानकर, मदन भाला, प्रदीप ठाकुर, अनुराग सहारे, अनिल ताराम सहित अन्य की मौजूदगी में किया गया।

पुराना विश्राम गृह अब बनेगा कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

लोक निर्माण विभाग सचिव मुकेश बंसल ने गुरुवार को स्थानीय पुराना विश्राम गृह का निरीक्षण करते हुए परिसर की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पुराना विश्राम गृह भवन का लोक निर्माण विभाग के कार्यालय के रूप में उपयोग करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। श्री बंसल ने निरीक्षण के दौरान पुराना विश्राम गृह परिसर में स्थित भवनों की स्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने उपयोग योग्य भवनों की मरम्मत कर उनका कार्यालय एवं भंडारण कक्ष के रूप में उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जर्जर एवं अनुपयोगी संरचनाओं को नियमानुसार हटाने तथा परिसर का समतलीकरण कराने कहा। उन्होंने मुख्य भवन को विभागीय कार्यालय के रूप में विकसित कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी आवश्यक कार्य आगामी 15 से 20 दिनों के भीतर पूर्ण करने तथा इसके लिए उपलब्ध विभागीय मदों से राशि की व्यवस्था करने कहा।



सड़कों का लिया जायजा

श्री बंसल ने राजनांदगांव से अंबागढ़ चौकी मार्ग के फोरलेन चौड़ीकरण कार्य, पैरी नाला में निर्माणाधीन पुल तथा सुखरी से दीवानभेड़ी तक निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लेते अधिकारियों को निर्धारित तकनीकी मापदण्डों के अनुरूप कार्य कराने के निर्देश दिए। सड़क निरीक्षण के दौरान सड़क की चौड़ाई, लेवल एवं विभिन्न परतों के निर्माण की जानकारी ली। उन्होंने ग्रेन्युलर सब-बेस की निर्धारित चौड़ाई एवं मोटाई की जांच करने तथा सड़क के लेवल एवं मार्किंग का सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सुखरी से दीवानभेड़ी तक निर्माणाधीन सड़क के निरीक्षण के दौरान खुदाई, बेस निर्माण एवं अन्य कार्यों की गुणवत्ता की जांच करने को कहा।

घटिया निर्माण पर नाराजगी

सचिव श्री बंसल ने निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सड़क की स्थिति में सुधार लाने, रोड मार्किंग एवं सेंटर लाइन का कार्य कराने तथा डिवाइडर की साफ-सफाई एवं रंग-रोगन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। गुणवत्ताहीन कार्यों में आवश्यक सुधार कराएं तथा संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध नियमानुसार जुर्माना लगाने की कार्रवाई करें।

कॉलेज भूमि की सीमा करें चिन्हित

श्री बंसल ने अर्जुनी में निर्माणाधीन महाविद्यालय भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन निर्माण की प्रगति का जायजा लिया तथा अधिकारियों से प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने महाविद्यालय परिसर की लगभग 10 एकड़ भूमि का विधिवत सीमांकन कर चारों ओर सीमा-चिन्ह के रूप में पिलर स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने भवन के मुख्य प्रवेश द्वार एवं सड़क के स्तर में अंतर को ध्यान में रखते सुगम आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए उपयुक्त रैम्प निर्माण की संभावनाओं पर विचार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वीके भतपहरी, दुर्ग परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता एनके जयंत, अधीक्षण अभियंता अपर्णा चौरपगार और कार्यपालन अभियंता रितु खरे मौजूद थी।





सार समाचार

13 गार्डों को मिला 2.91 लाख का बकाया वेतन

राजनांदगांव। मेहनत कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले श्रमिकों के लिए समय पर वेतन मिलना सबसे बड़ी जरूरत होती है। ऐसे में मेहनत की कमाई रूक जाए, तो घर की छोटी-छोटी जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो जाता है। राजनांदगांव जिले के 13 सुरक्षा गार्डों के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 उम्मीद की किरण साबित हुई। श्रम विभाग की तत्परता से उन्हें कुल 2 लाख 91 हजार 754 रुपए का बकाया वेतन मिला। इससे श्रमिकों और उनके परिवारों को बड़ी आर्थिक राहत मिली।
राजनांदगांव जिले के 13 सुरक्षा गार्डों को नियोजन पक्ष द्वारा वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा था। उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत को गंभीरता से लेते सहायक श्रम आयुक्त राजनांदगांव ने तत्काल प्रकरण की जानकारी प्राप्त की और संबंधित नियोजन पक्ष से संपर्क कर नियमानुसार कार्रवाई की। विभागीय पहल के परिणामस्वरूप सभी 13 सुरक्षा गार्डों को उनके बकाया वेतन का भुगतान सुनिश्चित कराया गया। लंबे इंतजार के बाद मेहनत की कमाई मिलने से श्रमिकों की आर्थिक चिंता कम हुई।

फटाका दुकानों में आग से बचाव के लिए निर्देश जारी

राजनांदगांव। नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय नवा रायपुर द्वारा जिले में सभी स्थायी व अस्थायी फटाका दुकानों में आग से बचाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। जांच के दौरान नियमों का पालन नहीं करने पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा अधिनियम 2018 व छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियमावली 2021 के तहत कार्रवाई की जाएगी।
जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि जारी नियमों के अनुसार फटाका दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी, टैंट इत्यादि का नहीं होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए। फटाका दुकान कम से कम एक-दूसरे से 3 मीटर की दूरी (साईड) पर एवं एक-दूसरे के सामने न बनायी जाए। फटाका दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल लैंप, गैस लैंप एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिए। किसी भी फटाका दुकान से 50 मीटर के अन्दर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होनी चाहिए। विद्युत तारों में ज्वांइट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूस या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिये। जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बन्द हो जाए।

आईडी कार्ड में देरी पर शास्त्री ने उठाया सवाल

राजनांदगांव। शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय और शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में विद्यार्थियों को अब तक पहचान पत्र (आईडी कार्ड) नहीं मिलने का मामला सामने आया है। जुलाई में प्रवेश के दौरान आईडी कार्ड के लिए शुल्क लेने के बावजूद अक्टूबर माह समाप्त होने को है, लेकिन विद्यार्थियों को पहचान पत्र उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। इस मामले को लेकर युवा नेता एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व सचिव ऋषि शास्त्री ने महाविद्यालय प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते जवाबदेही तय करने की मांग की है।



श्री शास्त्री ने कहा कि प्रवेश के समय विद्यार्थियों से आईडी कार्ड के लिए शुल्क लिया जाता है तो समय पर पहचान पत्र उपलब्ध कराना भी प्रबंधन की जिम्मेदारी है। चार से पांच महीने बीत जाने के बाद भी आईडी कार्ड वितरित नहीं होना गंभीर लापरवाही की ओर संकेत करता है। शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय में राजनांदगांव सहित आसपास के चार से पांच जिलों की छात्राएं अध्ययन के लिए आती हैं। ऐसे में छात्राओं की सुरक्षा के लिहाज से परिसर में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों की पहचान, अनाधिकृत प्रवेश पर नियंत्रण और प्रभावी निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है।

अस्मिता खेलो इंडिया सिटी टूर्नामेन्ट आयोजित

राजनांदगांव। अस्मिता खेलो इंडिया बालिका/महिला भारोत्तोलन (वेटलिफ्टिंग) सिटी टूर्नामेंट राजनांदगांव जिला भवानी व्यायाम शाला में 20 अक्टूबर को छग भारोत्तोलन संघ के मार्गदर्शन में एक दिवसीय आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित आजमानी अध्यक्ष जिला भारोत्तोलन संघ शामिल हुए। स्पर्धा में राजनांदगांव जिला के लगभग 20 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।



यह प्रतियोगिता 8 ग्रुप में आयोजित हुआ। 49 किग्रा वजन समूह में खुशी रंगारी (प्रथम), गोदावरी यादव (द्वितीय), 53 किग्रा वजन समूह में प्रिया यादव (प्रथम), मुस्कान पटेल (द्वितीय), निलिमा साहू (तृतीय), 57 किग्रा वजन समूह में जानवी साहू (प्रथम), 61 किग्रा समूह में सोनाली यदु (प्रथम), जारा खान (द्वितीय), 69 किग्रा में महजबीन खान (प्रथम), 77 किग्रा समूह में मुस्कान यादव (प्रथम), योगिता कुलदीप (द्वितीय), 86 किग्रा समूह में भूमि सिंह (प्रथम), +86 किग्रा समूह में रूसना फरहिन (प्रथम), अंशुल सोनवानी (द्वितीय) रही। टूर्नामेंट में निर्णायक के रूप में छग प्रदेश के भारोत्तोलन संघ से कोमल सोनी, छबी साहू एवं नारायण लोहार थे। लोडर वीर सिंह ठाकुर, जानेश विश्वकर्मा, पियुष यादव थे। आभार प्रदर्शन सचिव अशोक श्रीवास ने किया। यह जानकारी जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव अशोक श्रीवास ने दी।

सच्चा मित्र बुरे समय में भी साथ देता है-समयप्रभ

राजनांदगांव। सच्चा मित्र कभी साथ नहीं छोड़ता, दुख हो या सुख हो या कैसी भी स्थिति हो सच्चा मित्र सदैव साथ में रहता है। जबकि कुमित्र आपकी खुशी बर्दाश्त नहीं कर सकता। उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर के सुशिष्य समयप्रभ सागर ने व्यक्त किए।



मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में मुनिश्री समयप्रभ सागर ने फरमाया कि धन कहता है कि जो अपनों का साथ नहीं देता मैं भी उसका साथ कैसे दे सकता हूं। धन का उपयोग घर और धर्म के लिए करें। कामना करें कि धर्म के क्षेत्र में सदैव वृद्धि होती जाए। धार्मिक सेवा में लगने से पुण्य में वृद्धि होती है। परमात्मा की कृपा होती है। मुनिश्री ने कहा कि व्यापार करना है तो नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन करने वाला व्यक्ति कभी नहीं डरता और खुलकर व्यापार करता है। जबकि कर चोरी करने वाले डरे रहते हैं। उन्होंने कहा कि खुलकर व्यापार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संत अपनी प्रवृत्ति नहीं छोड़ सकता, उसी तरीके से दुर्जन भी अपनी प्रवृत्ति नहीं छोड़ सकता। सुमित्र और कुमित्र की भी यही स्थिति होती है।

26 को सम्मान समारोह

राजनांदगांव। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल जिला राजनांदगांव द्वारा इस वर्ष भी शहर की समस्त श्रीगणेश उत्सव एवं श्री दुर्गा उत्सव समितियों के लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम 26 अक्टूबर को शाम 4 बजे से पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित होगा।समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग उपाध्यक्ष पूज्य संतश्री राजीव लोचन महाराज शामिल होंगे। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की जिला इकाई ने बताया कि इस आयोजन में राजनंदगांव जिले की समस्त श्री गणेश और श्री दुर्गा उत्सव समितियों को आमंत्रित किया गया है। आयोजकों ने धर्मप्रेमियों और आम नागरिकों से समारोह में उपस्थित होकर कार्यक्रम की भव्यता बढ़ाने और इसे सफल बनाने अपील की है।

महिला शक्तियों ने भी लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

रैली में गूंजे जय भवानी के नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा द्वारा विजयादशमी समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजपूत एकता रैली निकाली गई। रैली का आयोजन विधानसभा अध्यक्ष निवास कार्यालय परिसर से किया गया। रैली के दौरान सैकड़ों की संख्या में राजपूत समाज के लोग शामिल हुए।
विजयादशमी महोत्सव का आयोजन कर हाथों में भगवा ध्वज और सिर पर भगवा साफा बांधे राजपूत समाज के शौर्य, साहस और वीरता को प्रदर्शित करते भव्य एकता रैली निकाली गई। इस रैली में समाज की महिला शक्तियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली विधानसभा हाउस परिसर से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए महाराणा प्रताप भवन चंद्रा कॉलोनी पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के दौरान जय भवानी के नारे गूंजते रहे।



समाज में एकजुटता का दिया संदेश

आयोजन को लेकर 1282 के केंद्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस और राजनांदगांव राजपूत समाज के अध्यक्ष विष्णु बहादुर सिंह ने कहा कि आयोजन के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है कि सभी राजपूत एकजुट हो और सर्व समाज के लिए अपनी आवाज उठाएं। उन्होंने कहा कि हम शस्त्र पूजन के साथ अपने अंदर के अहंकार रूपी रावण को मारे। उन्होंने कहा की बुराइयों के खिलाफ खड़ा होने वाला क्षत्रिय वर्ग है।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की मूर्ति का अनावरण

विजयादशमी महोत्सव पर आयोजित इस एकता रैली के पश्चात राजपूत समाज द्वारा वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते विधि-विधान से शस्त्रों की पूजा की गई। वहीं इस अवसर पर स्मारिका का विमोचन भी किया गया। आयोजन के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर लोटन सिंह परिहार की मूर्ति का अनावरण भी संपन्न हुआ। आयोजन के अंतिम चरण में वीर रस के कवि राम भदावर ने राजपूताना शौर्य गाथाओं को लेकर काव्य गान किया, जिसे पूरे वातावरण में जोश भर गया।

नांदगांव में 913 व घुमका में 328 खसरों का सर्वे पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने शनिवार को राजनांदगांव तहसील अंतर्गत ग्राम सोमनी एवं घुमका तहसील अंतर्गत ग्राम भरदाखुर्द में पॉलीगॉन सर्वे कार्य का निरीक्षण किया।उन्होंने सर्वे कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों एवं सर्वेयरों को कार्य में तेजी लाते 30 अक्टूबर के पूर्व सर्वे पूर्ण करने के निर्देश दिए।
अपर कलेक्टर श्री मारकण्डेय ने बताया कि राजनांदगांव तहसील में 45 सर्वेयरों द्वारा दोपहर 1 बजे तक 913 खसरों का सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है। तहसील में 2 हजार खसरों के सर्वे का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार घुमका तहसील में निर्धारित 750 खसरों के लक्ष्य के विरूद्ध दोपहर 1 बजे तक 328 खसरों का सर्वे पूर्ण किया जा चुका है। अपर कलेक्टर ने सर्वे कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण सर्वे सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

खेल गतिविधियां ठप, शिक्षकों में आक्रोश, संघ सौंपेगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी एक अनिवार्य हिस्सा है, लेकिन राजनांदगांव जिले में पिछले दो वर्षों से स्कूली स्तर की खेल गतिविधियां पूरी तरह से ठप पड़ी है।
संकुल, जोन, विकासखंड और जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन न होने के कारण ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रतिभावान नौनिहालों की खेल प्रतिभाएं दबकर रह गई है। इस गंभीर उदासीनता को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नीलेश रामटेके ने गहरी चिंता व्यक्त की है और इसे पुनः प्रारंभ कराने की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है।
संघ के जिला अध्यक्ष नीलेश रामटेके ने बयान जारी करते कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि खेल के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना और शारीरिक क्षमता का विकास करना भी है। दो साल से प्रतियोगिताएं न होने से उन बच्चों को गहरा धक्का लगा है, जो राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने का सपना देख रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि हर वर्ष छात्रों से क्रीड़ा शुल्क लिया जाता है और शासन से भी खेल बजट जारी होता है, इसके बावजूद आयोजनों का न होना कई सवाल खड़े करता है। इस विषय पर अब तक किसी भी विभागीय अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया है।

25 को दुग्धाभिषेक, कथा-भजन संध्या और मध्यरात्रि में प्रसाद वितरण

शरद पूर्णिमा पर सत्यनारायण मंदिर में 105वीं बार खीर महाप्रसाद का होगा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री सत्यनारायण मंदिर में शरद पूर्णिमा अवसर पर 25 अक्टूबर को विविध धार्मिक आयोजन होंगे। प्रातः भगवान श्री सत्यनारायण का दुग्धाभिषेक, कथा एवं महाआरती के साथ रात्रि में स्वरांजलि भजन संध्या ग्रुप की सुमधुर भक्ति संध्या आयोजित की जाएगी। मंदिर समिति द्वारा विगत 105 वर्षों से शरद पूर्णिमा पर खीर महाप्रसाद वितरण की परंपरा निरंतर निभाई जा रही है।
मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने बताया कि शरद पूर्णिमा आश्विन मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है। धार्मिक मान्यता है कि इस रात्रि चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है तथा चांदनी में रखी खीर का विशेष महत्व है। इसी आस्था के साथ मंदिर में प्रतिवर्ष श्रद्धापूर्वक आयोजन किया जाता है।

रात 8 बजे से भजन संध्या



कोषाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल व भवन व्यवस्था प्रभारी नीतीश अग्रवाल ने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात्रि 8 बजे से स्वरांजलि भजन संध्या ग्रुप द्वारा भक्ति संध्या प्रस्तुत की जाएगी। इसमें भजन गायक जितेंद्र भाई एवं गोपाल भाई सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे। रात्रि 12 बजे भगवान श्री सत्यनारायण की महाआरती पश्चात श्रद्धालुओं को अमृतमयी खीर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

सुबह दुग्धाभिषेक और सत्यनारायण कथा

मंदिर समिति के उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया, श्याम खंडेलवाल, राजेश अग्रवाल, बालाजी एवं विजय खंडेलवाल ने बताया कि 25 अक्टूबर को सुबह 9 से 10 बजे तक श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्री सत्यनारायण का दुग्धाभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात भक्तों को भगवान के श्रृंगार दर्शन होंगे। सुबह 10.30 बजे आचार्य कालू महाराज द्वारा श्री सत्यनारायण भगवान की कथा सुनाई जाएगी। भगवान को भोग अर्पित करने के पश्चात महाआरती के साथ धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होगा।

धार्मिक महत्व

मंदिर समिति के कार्यकारिणी सदस्य विष्णु लोहिया एवं जुगल किशोर अग्रवाल ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि समुद्र मंथन के दौरान माता महालक्ष्मी प्रकट हुई थी। सुख-समृद्धि की कामना से इस दिन माता लक्ष्मी की आराधना की जाती है तथा इसे कोजागरी व्रत के रूप में भी मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने इसी पूर्णिमा की रात्रि गोपियों के साथ महारासलीला की थी।

भाजपा ने किया 'लोकतंत्र बचाओ, भीड़ तंत्र हटाओ' अभियान शुरू

■ पारख बनाए गए जिला टोली के संयोजक

राजनांदगांव। भाजपा द्वारा 'लोकतंत्र बचाओ, भीड़ तंत्र हटाओ' अभियान का आगाज किया गया है। इस अभियान के माध्यम से जनता के बीच पहुंचकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, जन जागरण तथा विपक्ष की कथित नकारात्मक राजनीति को उजागर करने का प्रयास किया जाएगा। अभियान के संचालन के लिए जिला स्तर पर सात आयामों के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख को जिला टोली का संयोजक बनाया गया है।



जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों द्वारा जंतर-मंतर सहित दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर भीड़तंत्र के माध्यम से लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा का मानना है कि इस प्रकार की राजनीति से देश की छवि प्रभावित होती है। इसी के जवाब में पार्टी ने 'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' अभियान प्रारंभ किया है।
श्री राजपूत ने बताया कि यह अभियान 5 नवंबर तक चलेगा। इसके अंतर्गत सात अलग-अलग आयामों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच बनाई जाएगी। पदयात्रा, बौद्धिक संवाद, युवा संवाद, छात्र प्रतिस्पर्धा, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स कवरेज, विशेषांक पत्रिकाओं के प्रकाशन तथा प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये जनता को लोकतंत्र के महत्व और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा। संपूर्ण अभियान के प्रभारी खूबचंद पारख बनाए गए हैं। इसके अलावा सात आयामों के लिए नियुक्त संयोजक में पदयात्रा महापौर मधुसूदन यादव, बौद्धिक संवाद शशिकांत द्विवेदी, युवा संवाद सचिन सिंह बघेल, छात्रों की प्रतिस्पर्धा भरत लाल वर्मा, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कवरेज नीलू शर्मा, विशेषांक पत्रिकाएं योगेश दत्त मिश्रा एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस अमर लालवानी शामिल हैं।
अभियान के प्रभारी खूबचंद पारख ने कहा कि अभियान के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचकर लोकतंत्र की मजबूती, संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान तथा लोकतांत्रिक परंपराओं के संरक्षण का संदेश देंगे। उन्होंने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अभियान को प्रभावी बनाने और निर्धारित कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

रक्तदान शिविर आयोजित 33 यूनिट रक्त संग्रहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनांदगांव में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में बालाजी ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।
शिविर में बालाजी ब्लड बैंक की टीम द्वारा रक्त संग्रहण का कार्य संपन्न किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारियों एवं कर्मचारियों, विद्यार्थियों, एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेटों एवं अन्य रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर में कुल 33 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।
अधिष्ठाता डॉ. विनम्रता जैन ने शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आमजन में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मानव सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं परोपकार की भावना को प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा है। रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिल सकता है। रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक शिविर में भाग लेकर रक्तदान महादान के संदेश को सार्थक किया।
शिविर में बालाजी ब्लड बैंक की टीम, सभी रक्तदाताओं, महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों, एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेटों एवं आयोजन से जुड़े सभी सदस्य उपस्थित थे।

वास्को-द-गामा एक्सप्रेस के ठहराव की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर वास्को-द-गामा–जसीडीह एक्सप्रेस (17321) तथा ज सी डी ह – वा स्को - द - गा मा एक्सप्रेस (17322) के ठहराव की मांग उठाई है। इस संबंध में सांसद संतोष पांडे एवं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से आवश्यक पहल करने का आग्रह किया गया है।
कैट का मानना है कि दोनों ट्रेनों का राजनांदगांव में ठहराव होने से शहर सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को गोवा के लिए सीधी रेल कनेक्टिविटी का लाभ मिल सकेगा। इससे पर्यटन, पारिवारिक यात्राओं और व्यावसायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

पर्यटन को मिलेगा लाभ

वा स्को - द - गा मा – ज सी डी ह एक्सप्रेस गोवा को देश के विभिन्न क्षेत्रों से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण साप्ताहिक रेल सेवा है। छत्तीसगढ़ में इस ट्रेन के निर्धारित ठहरावों का लाभ प्रदेश के यात्रियों को मिलता है। राजनांदगांव में ठहराव मिलने से जिले के यात्रियों को ट्रेन पकड़ने दूसरे शहरों तक जाने की आवश्यकता कम होगी और यात्रा अधिक सुविधाजनक बन सकेगी। कैट ने रेलवे से आग्रह किया है कि राजनांदगांव की भौगोलिक स्थिति, यात्री सुविधाओं और क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते दोनों दिशाओं में इस ट्रेन का ठहराव स्वीकृत किया जाए।

कैट पदाधिकारियों ने उठाई मांग

इस मांग को उठाने वालों में कैट के प्रदेश संरक्षक अनिल बरडिया, जिला अध्यक्ष राजू डागा, संजय तेजवानी, भावेश अग्रवाल, संजय लड्ढा, अशोक पांडे, लक्ष्मण लोहिया, अमित खंडेलवाल, सूरज बुद्धदेव, राजा मखीजा, राजेश जैन सीए, प्रकाश कांकरिया एवं सागर चितलंगिया शामिल हैं। कैट पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की है कि सांसद संतोष पांडे एवं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव इस मांग पर सकारात्मक पहल करेंगे। जिससे राजनांदगांव और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को बेहतर रेल सुविधा मिल सकेगी। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

रक्षा टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

साइबर सुरक्षा की टीम ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पं. शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी तथा पूर्व माध्यमिक शाला एवं हायर सेकंडरी स्कूल सुरगी में रक्षा टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। इस दौरान अभिव्यक्ति ऐप के उपयोग एवं महिला सुरक्षा संबंधी सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया।
पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 23 अक्टूबर को रक्षा टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संबंधित शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। राजनांदगांव पुलिस का उद्देश्य विद्यार्थियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, साइबर अपराधों से बचाव के लिए सतर्क करना तथा समाज में सुरक्षित एवं जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करना है।



किया गया प्रेरित

छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, महिलाओं के अधिकार एवं सम्मान, साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन ठगी के तरीकों तथा सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने, सड़क पर सतर्कता बरतने एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में सुरक्षा संबंधी नियमों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में रक्षा टीम प्रभारी शारदा बंजारे तथा महिला आरक्षक रीनू मेश्राम एवं महिला आरक्षक कौशिल्या साहू की टीम द्वारा पं. शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनांदगांव तथा पूर्व माध्यमिक शाला एवं हायर सेकंडरी स्कूल सुरगी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



अनदेखी : सेन्हाभाठा-महका मार्ग में गहरा किनारा, 1.93 करोड़ का निर्माण कार्य

पीएम ग्राम सड़क में लापरवाही, साइड शोल्डर में मुरूम नहीं, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सेन्हाभाठा से महका सड़क पर निर्माण में लापरवाही राहगीरों की सुरक्षा पर भारी पड़ रही है। करीब 1 करोड़ 93 लाख रुपए की लागत से तीन किलोमीटर सड़क का नवीनीकरण किया गया, लेकिन सड़क के किनारों पर साइड शोल्डर में मुरूम नहीं डाले जाने से कई जगह किनारे 1 से 1.5 फीट तक गहरे हो गए हैं।

इससे दोपहिया वाहन चालकों के गिरने का खतरा बना हुआ है। वहीं, सड़क पर दो बड़े वाहन आमने-सामने आने पर साइड देने की जगह नहीं मिलती और जाम की स्थिति बन जाती है। ग्रामीणों ने ठेकेदार को नोटिस जारी कर तत्काल सुधार कराने की मांग की है। सेन्हाभाठा निवासी लक्ष्मण यादव ने बताया कि सड़क बन गई, लेकिन साइड शोल्डर में मुरूम नहीं डाला गया। किनारा गहरा होने से उनकी बाइक दो बार गड्ढे में उतर चुकी है। रात के समय यह मार्ग और अधिक खतरनाक हो जाता है।

उन्होंने आशंका जताई कि समय रहते सुधार नहीं हुआ तो बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय निवासी सालिक दास मानिकपुरी ने बताया कि सड़क संकरी होने और किनारे गहरे होने से रोजाना परेशानी होती है। ट्रैक्टर या अन्य वाहन आमने-सामने आने पर साइड देने की जगह नहीं मिलती, जिससे जाम लग जाता है। उनका कहना है कि करीब दो करोड़ रुपए की लागत वाली सड़क पर ऐसी लापरवाही समझ से परे है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को मामले में तत्काल संज्ञान लेना चाहिए।



धान कटाई के समय बढ़ेगी परेशानी

राहगीर मनोज पात्रे ने बताया कि यह मार्ग बस्ती के बीच से गुजरता है और सीधे मुंगेली-पंडरिया मार्ग को जोड़ता है। यहां यात्री वाहनों, ट्रैक्टरों और मालवाहक वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। धान कटाई के मौसम में कृषि वाहनों की संख्या बढ़ने से जाम और दुर्घटना का खतरा भी बढ़ सकता है। यह सड़क छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के तहत अनुबंध क्रमांक 13 डीएल 25-26 के अंतर्गत सड़क की लागत 193.30 लाख रुपए बताई गई है। जिस पर ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित विभाग मौके का निरीक्षण करे, जिम्मेदारी तय करे और ठेकेदार से साइड शोल्डर में मुरूम डलवाकर सड़क को सुरक्षित बनवाएं।

प्रदेश में 4 हजार रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए किसानों ने धान खरीदी का भाव बढ़ाकर 4000 रूपए प्रति क्विंटल करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। खाद, बीज, कीटनाशक दवाइयों, खेत की जुताई, रोपाई और अन्य कृषि कार्यों में बड़ी राशि खर्च करनी पड़ रही है। इसके बावजूद किसानों को उनकी मेहनत और लागत के अनुरूप लाभ नहीं मिल पा रहा है।



इस वर्ष धान की फसल में विभिन्न प्रकार की बीमारियां लगने के कारण किसानों को कई बार दवाइयों का छिड़काव करना पड़ा। फसल को बचाने और बेहतर उत्पादन की उम्मीद में किसानों ने अतिरिक्त खर्च किया है। ऐसे में धान की खेती किसानों के लिए दिनों दिन महंगी होती जा रही है। किसानों का कहना है कि धान की अच्छी पैदावार लेने के लिए खाद और दवाइयों का उपयोग करना जरूरी हो गया है। मौसम की अनिश्चितता और फसलों में लगने वाली बीमारियों के कारण भी आर्थिक जोखिम बढ़ गया है। खेती में इतनी मेहनत और खर्च करने के बाद यदि उचित कीमत नहीं मिलती, तो किसानों के सामने परिवार का खर्च चलाने और अगली फसल की तैयारी करने में कठिनाई होती है।

जिस पर राज्य शासन से मांग की जा रही है कि किसानों की समस्याओं और बढ़ती कृषि लागत को ध्यान में रखते हुए खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान की खरीदी 4000 रूपए प्रति क्विंटल की दर से की जाए। इससे किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सकेगा और खेती के प्रति उनका भरोसा मजबूत होगा। किसानों को उम्मीद है कि राज्य सरकार उनकी मांग पर गंभीरता से विचार करेगी और धान का उचित भाव निर्धारित कर आर्थिक राहत प्रदान करेगी।

खबर संक्षेप

ठंड का एहसास होते ही निकलने लगे गर्म कपड़े

कोलेगांव। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरात्रि के समापन के बाद मौसम में बदलाव महसूस होने लगा है। सुबह और शाम के समय हल्की ठंड का एहसास होने से लोगों ने गर्म कपड़े निकालने शुरू कर दिए हैं। वहीं, बदलते मौसम का असर लोगों की सेहत पर भी दिखाई देने लगा है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई लोग सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार जैसी मौसमी समस्याओं से परेशान हैं। क्षेत्र में सुबह और शाम के समय ठंडक बढ़ने के साथ ही दिन और रात के तापमान में अंतर महसूस किया जा रहा है। मौसम में अचानक हो रहे बदलाव के कारण ठंड का असर बढ़ते ही लोग स्वेटर, जैकेट और अन्य गर्म कपड़ों का उपयोग करने लगे हैं। विशेषकर सुबह जल्दी घर से निकलने वाले लोगों और शाम के समय बाहर रहने वालों को ठंड का एहसास अधिक हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इन दिनों कई घरों में लोग मौसमी बीमारियों से परेशान हैं। हालांकि, इन शिकायतों के पीछे किसी विशेष वायरस के प्रसार की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मौसम में बदलाव के दौरान स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहना जरूरी है। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतते हुए लोगों को ठंड से बचाव करने, पर्याप्त पानी पीने, साफ-सफाई बनाए रखने और बीमार होने पर आराम करने की सलाह दी जाती है। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखना भी आवश्यक है। लगातार बुखार, सांस लेने में परेशानी या अन्य गंभीर लक्षण दिखाई देने पर चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। कुल मिलाकर, ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड की शुरुआत के साथ ही मौसम का मिजाज बदलने लगा है। ऐसे में लोगों को बदलते मौसम के अनुरूप अपनी दिनचर्या में आवश्यक बदलाव करते हुए स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूक रहने की जरूरत है।

संस्कृति महिला ग्रुप का तीन दिवसीय गरबा महोत्सव संपन्न

गरबा क्वीन शिवानी गुप्ता, गरबा प्रिंसेस का खिताब निहारिका ठाकुर के नाम

- महोत्सव में 150 प्रतिभागियों ने गरबा पर बिखरे जलवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों के लिए प्रसिद्ध नगर का सबसे बड़ा 30 सदस्यीय संस्कृति महिला ग्रुप अपने नाम के अनुरूप ही संस्कार और संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य निरंतर कर रहा है। इसी कड़ी में ग्रुप द्वारा पीएम श्री आत्मानंद स्कूल मैदान पंडरिया में तीन दिवसीय भव्य ऐतिहासिक गरबा महोत्सव का सफल आयोजन किया गया।

नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित यह गरबा महोत्सव केवल एक नृत्य का आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, कला और नारी शक्ति के साहस व आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गया। जहां कभी महिलाएं कार्यक्रम में आने से झिझकती थीं, वहीं आज स्वयं महिलाओं द्वारा इतना विशाल आयोजन करना इस बात का प्रमाण है कि पंडरिया नगर तेजी से बदल रहा है और महिलाएं सशक्त हो रही हैं। वहीं प्रथम दिवस महाकाल का दरबार-गरबा महोत्सव के भव्य शुभारंभ में महाकाल की दिव्य झांकी सजाई गई। उज्जैन के महाकाल दरबार की झलक, महाआरती, शंखनाद, डमरू की गूंज और भक्तिमय वातावरण ने दर्शकों को अध्यात्म से भर दिया। व द्वितीय दिवस छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और परम्परा पर आधारित विशेष प्रस्तुतियां दी गईं। पारंपरिक वेशभूषा में माता रानी की आराधना करते हुए हुआ, जिसमें कर्मा, पंथी, राउत नाचा के गीत पर गरबा नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं।



जिसमें मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक भावना बोहरा रहीं, जो स्वयं महिलाओं के साथ गरबा की धुन पर थिरकीं और महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। संस्कृति महिला ग्रुप ने मंच से केवल नृत्य नहीं, बल्कि सम्मान की संस्कृति भी दिखाई। कार्यक्रम की सुरक्षा हेतु तैनात महिला रक्षकों, कार्यक्रम में पधारे अतिथियों, मीडिया से आए पत्रकारों, रिपोर्टरों एवं गणमान्य अतिथियों को ग्रुप के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। समारोह में नवल किशोर पांडेय, आनंद ठाकुर, उपाध्यक्ष सुमित तिवारी सहित अनेक वक्ताओं ने संस्कृति ग्रुप की सराहना की।

वहीं तृतीय दिवस समापन समारोह के मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ठाकुर रहे। विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र छाबड़ा, चंद्रकुमार सोनी, एल्डरमेन यशपाल छाबड़ा, भास्कर देवांगन, आकाश ठाकुर, गणेश यादव, रोमी सलूजा सहित जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

उत्साह, वेशभूषा व नृत्य कला की बिखरी छटा

बताया जाता है कि तीन दिनों तक आयोजित इस महोत्सव में निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों के उत्साह, वेशभूषा और नृत्य कला के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। जिस परगरबा क्वीन शिवानी गुप्ता, गरबा प्रिंस निहारिका ठाकुर, गरबा महारानी शांति सिंह, एम्बेसडर तनीषा लहरी व राइजिंग स्टार पायल चंद्रवंशी इसके अतिरिक्त रनर अप एवं सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। विशेष बात यह रही कि सभी डेढ़ सौ प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया साथ ही साथ संस्कृति की असली मिशाल पेशकर हर प्रतिभागी बालिकाओं एवं महिलाओं के प्रयास को प्रोत्साहित किया।

कन्या भोज में 123 कन्याएं हुए शामिल

नवरात्रि की नवमी के पावन दिवस पर संस्कृति महिला ग्रुप द्वारा नगर के प्राचीन जोरा मंदिर में 108 कन्याओं के कन्या भोज का आयोजन रखा गया था, जिसमें माता रानी की कृपा से 123 कन्याएं हुए शामिल। सभी कन्याओं का विधि विधान से पूजन, तिलक, चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया गया और कन्या भोज कराकर उपहार भेंट किया गया। ग्रुप द्वारा सभी के लिए भोग, भंडारा एवं प्रसाद की उत्तम व्यवस्था की गई। कन्या पूजन कर नगर की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

दीपावली पर्व से पहले बाजार में रौनक, कारोबार बढ़ने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

दीपावली का त्यौहार नजदीक आते ही जिला मुख्यालय के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। मुख्य मार्गों पर स्थित दुकानों में त्योहार की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कपड़े, सराफा, बर्तन और ऑटो सेक्टर के कारोबारियों को इस बार अच्छे व्यापार की उम्मीद है। नवरात्रि के दौरान बाजार में रही चहल-पहल के बाद अब व्यापारियों की निगाहें दीपावली की खरीदारी पर टिकी हैं। त्यौहार को देखते हुए दुकानदारों ने जरूरत के सामान का स्टॉक बढ़ाना शुरू कर दिया है, ताकि ग्राहकों को खरीदारी के दौरान परेशानी न हो।

दीपावली से पहले बाजार में खरीददारी का दौर तेज होने की उम्मीद है। कई लोग अंतिम दिनों की भीड़ से बचने के लिए पहले ही सामान खरीदने की तैयारी कर रहे हैं। वहीं, व्यापारी भी ग्राहकों की मांग को देखते हुए दुकानों में विभिन्न प्रकार के उत्पाद उपलब्ध करा रहे हैं। कपड़ों और घरेलू उपयोग की वस्तुओं से लेकर सजावट के सामान तक की दुकानें त्योहार के लिए तैयार हो रही हैं।

किराना दुकानों में भी दीपावली पर मिठाइयां, पकवान और पूजा सामग्री बनाने के लिए जरूरी सामान की मांग बढ़ने की संभावना है। झालर और सजावटी सामानों की बढ़ी तैयारी दीपावली पर घरों और प्रतिष्ठानों को सजाने की परंपरा के चलते सजावटी सामानों की दुकानों पर भी रौनक रहने की उम्मीद है। रंग-बिरंगी झालर, फूलों की मालाएं और अन्य सजावटी वस्तुओं की बिक्री के लिए दुकानदार तैयारियां कर रहे हैं। त्यौहार के दौरान लोग घरों की साफ-सफाई के बाद आकर्षक रोशनी और सजावट के जरिए घरों को नया रूप देते हैं। इससे इन सामानों के कारोबार को भी गति मिलने की संभावना है। कुल मिलाकर, दीपावली व्यापारियों के लिए साल के प्रमुख कारोबारी अवसरों में से एक है। अब बाजार की वास्तविक रौनक ग्राहकों की खरीददारी और बिक्री के आंकड़ों से सामने आएगी। व्यापारियों को उम्मीद है कि त्यौहार के दिनों में बढ़ने वाली मांग से स्थानीय कारोबार को मजबूती मिलेगी।



सराफा और बर्तन बाजार पर रहेगी नजर

दीपावली के दौरान सराफा बाजार में सोने-चांदी के आभूषणों की खरीददारी का विशेष महत्व रहता है। धनतेरस और दीपावली पर शुभ मुहूर्त में खरीदारी करने की परंपरा के कारण ग्राहक गहनों की खरीद के लिए दुकानों का रुख करते हैं। इसी तरह बर्तन बाजार में कांसे, पीतल और रसोई में उपयोग होने वाले दूसरे सामानों की मांग रहती है। व्यापारी इन श्रेणियों में भी बेहतर कारोबार की उम्मीद लगाए हुए हैं।

कपड़ों से लेकर वाहनों तक खरीददारी की उम्मीद

दीपावली पर नए कपड़े पहनने की परंपरा के चलते परिवार के सदस्यों के लिए कपड़ों की खरीददारी की जाती है। इससे रेडीमेड और कपड़ा कारोबारियों को लाभ मिलने की संभावना है। वहीं ऑटो सेक्टर में भी दीपावली के अवसर पर नए वाहन खरीदने को लेकर उत्साह देखा जाता है। दोपहिया और चारपहिया वाहनों के साथ ट्रैक्टर तथा अन्य व्यावसायिक वाहनों की बिक्री बढ़ने की उम्मीद है।

निर्माण कार्य प्रारंभ कर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराएः कलेक्टर

कवर्धा। जिले के सभी 471 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत जीरामजी योजना के द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ कर ग्रामीणों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराये। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय पर कार्य पूरा करे एवं मजदूरी भुगतान में विलंब न हो इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति द्वारा सभी जनपद पंचायत सीईओ एवं कार्यक्रम अधिकारियों को दिए गए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाएं सभी पात्र लाभार्थियों तक समय पर पहुंचे यह सुनिश्चित करें। निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने, कार्य की गुणवत्ता सही नहीं होने पर एवं अनियमितता की शिकायत पर संबंधितों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। श्रम मूलक कार्यों की स्वीकृतिआजीविका डबरी, तालाब एवं डबरी गहरीकरण, सैण्ड फिल्टर बोरवेल रिचार्ज पीट सहित अन्य कार्यों की कार्यवार समीक्षा की गई।

भुवालपुर में धूमधाम से मनाया गया नवरात्रि पर्व

- रंगोली प्रतियोगिता में श्रद्धा गबेल ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

भुवालपुर में शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व धूमधाम और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। नौ दिनों तक समस्त ग्रामवासी एकजुट होकर मां दुर्गा की सेवा और आराधना में जुटे रहे। जसगीतों की गूंज से पूरा गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। नवरात्रि के अंतिम दिन मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर भंडारे और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें गांव के 42 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता का निरीक्षण समिति द्वारा चयनित निर्णायक मंडल के सदस्य होरीलाल गबेल, हेमंत गबेल और नरेंद्र गबेल ने किया। स्पर्धा में श्रद्धा गबेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर रंगोली बनाकर बेटियों के देशप्रेम, राष्ट्र रक्षा, बहादुरी और शौर्य को प्रदर्शित किया। साथ ही द्वितीय स्थान पर दिशा गबेल, प्रिया गबेल और कामिनी गबेल रहीं। इनमें दिशा गबेल ने अपनी रंगोली के माध्यम से स्वच्छ भारत, जल संरक्षण, वृक्षों की रक्षा और कचरे को डस्टबिन में डालने जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश दिए। तृतीय स्थान पर रूबी, डालिमा और हेमा रहीं। वहीं चतुर्थ स्थान तुस्यांका और पम्मी ने प्राप्त किया, जबकि पांचवें स्थान पर गनेसिया रहीं। सभी प्रतिभागियों को ग्राम के पूर्व सरपंच मारखंडे गबेल की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए। ग्राम सरपंच धनसिंग गबेल, उपसरपंच बसंत गबेल तथा अन्य ग्रामीणों के हाथों बच्चों को सम्मानित किया गया।

दशहरा के बाद नाऊडीह व क्षेत्र में धान फसल कटाई ने पकड़ी रफ्तार

किसानों के लिए हार्वेस्टर मशीन वरदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिले को कृषि प्रधान जिले के नाम से जाना जाता है। कबीरधाम जिले के ग्राम नाऊडीह में हाइब्रिड धान की फसल की कटाई ने रफ्तार पकड़ ली है। खेतों में जल्दी पकने वाली धान की किस्में तैयार होने के साथ किसान कटाई में जुट गए हैं। ग्राम नाऊडीह के दर्जनों किसानों ने हार्वेस्टर की मदद से अपनी परिपक्व हुई धान की फसल की कटाई शुरू कर दिया है।

किसानों ने बताया कि एक एकड़ फसल को हार्वेस्टर से कटवाने के लिए 35 सौ रुपए देना पड़ता है, जिससे बहुत जल्द फसल समेटने में सहायता होती है और समय की बचत होती है। इस साल मानसून के दौरान अल्प और खंड वर्षा की स्थिति को देखते हुए कई किसानों ने जल्दी पकने वाली किस्मों की बोनी की थी, ताकि कम समय में फसल तैयार कर उसे सुरक्षित किया जा सके। बताया जाता है कि दीपावली तक जिले में 30 से 35 प्रतिशत धान की कटाई पूरी होने की संभावना है

हाइब्रिड धान और महामाया धान की कटाई शुरू

यहां बताना लाजिमी होगा कि क्षेत्र के किसानों द्वारा जल्दी पकने वाली किस्मों को प्राथमिकता दी है। हाइब्रिड धान और महामाया धान करीब 110 और 90 दिन में तैयार होने वाली फसल की कटाई शुरू हो गई है। किसानों की कोशिश है कि फसल तैयार होते ही कटाई कर ली जाए, ताकि मौसम में बदलाव की स्थिति में नुकसान से बचा जा सके। इसलिए कृषि के क्षेत्र में चमत्कार आ गई है।

दीपावली पर्व के बाद और तेज होगा कृषि कामकाज

फिलहाल जिन खेतों में फसल पक चुकी है, वहां कटाई का सिलसिला जारी है। नवंबर में कटाई का काम और तेज होने की संभावना है। आने वाले दिनों में कटाई का दायरा कितना बढ़ता है, यह फसल पकने की स्थिति और मौसम पर निर्भर करता है।



घपला: एमपी के प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना फर्जीवाड़े की आंच कबीरधाम तक

जिंदा लोगों को कागजों में मृत दिखाकर निकाल ली गई बीमा क्लेम की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भ्रष्टाचारी और ठग कितने बेखौफ है कि वे सीधे देश के प्रधानमंत्री के पद नाम से जुड़ी योजनाओं में भी सेंधमारी करने में कोई गुरेज नहीं कर रहे हैं।

इसकी एक बानगी भाजपा शासित पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में देखने को मिली जहां प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत भाजपा शासित छत्तीसगढ़ राज्य के कबीरधाम जिले निवासी तीन ग्रामीणों को दस्तावेजों में मृत दर्शाकर उनके नाम पर दो-दो लाख रुपए का बीमा क्लेम निकाल लिया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से दो ग्रामीण अपने घरों में जीवित मिले, जबकि तीसरे के परिजनों ने उसके रायपुर में मजदूरी करने की जानकारी दी है। जानकारी के अनुसार, मध्यप्रदेश में 482 कथित फर्जी बीमा क्लेम की जांच चल रही है।

इन मामलों में करीब 9 करोड़ 60 लाख रुपए की राशि का उल्लेख है। इसी जांच के दौरान कबीरधाम जिले के तीन ग्रामीणों के नाम सामने आए हैं। पुलिस दस्तावेजों के मुताबिक, भोपाल के थाना अजाक में अपराध क्रमांक 01/26 के तहत कूटरचित दस्तावेज तैयार करने, उनका इस्तेमाल करने और बीमा दावों में कथित धोखाधड़ी से संबंधित मामला दर्ज है। हालांकि, फर्जीवाड़े में किसकी भूमिका रही और राशि किसने हासिल की, इसका खुलासा जांच के बाद ही होगा।

फिलहाल जो जानकारी निकलकर सामने आई है उसमें मध्यप्रदेश की सीमा से लगे कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत भेलकी के आश्रित ग्राम बदनाचुआ में दस्तावेजों में बाबूलाल और गंगाराम मरावी मृत बताए गए हैं जबकि वे अपने परिवार के साथ गांव में जीवित मिले हैं। वहीं तीसरा ग्रामीण रामकुमार जिसे मृत बताया गया है परिजनों के मुताबिक वह रोजी-रोटी कमाने रायपुर गया है। गंगाराम ने बताया कि उन्हें पूछताछ के लिए कुकदूर थाना बुलाया गया था, जहां कथित बीमा फर्जीवाड़े की जानकारी मिली। उनके मुताबिक, उन्हें न तो अपने नाम पर बीमा होने की जानकारी थी और न ही किसी क्लेम के बारे में पता था।

उन्होंने बताया कि वह कभी छत्तीसगढ़ से बाहर नहीं गए हैं और उनके पास आधार कार्ड व राशन कार्ड जैसे पहचान संबंधी दस्तावेज हैं।





बैंक खातों और केवाईसी दस्तावेजों की पड़ताल

पुलिस दस्तावेजों के अनुसार, आईसीआईसीआई बैंक की इंदौर स्थित पिपल्याहाना शाखा से 59 खातों के ओपनिंग फॉर्म, केवाईसी और बैंक स्टेटमेंट से संबंधित जानकारी जुटाई गई है। पंजाब नेशनल बैंक की बेंगलुरु स्थित रामाननरम शाखा से भी संबंधित दस्तावेज प्राप्त किए गए हैं। तीन संदिग्धों के खातों से जुड़े दस्तावेजों के साथ छत्तीसगढ़ के तीन पॉलिसीधारकों और खाताधारकों की जानकारी मिलने का उल्लेख है। अब जांच में यह पता लगाना महत्वपूर्ण है कि खाते किन दस्तावेजों के आधार पर खोले गए, उनका संचालन कौन कर रहा था और बीमा की रकम आखिर किसके खाते में पहुंची।

मृत्यु प्रमाण पत्र किसने बनवाए, क्लेम का सत्यापन कैसे हुआ?

इस मामले ने मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया, बैंक केवाईसी और बीमा क्लेम के सत्यापन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि ग्रामीण जीवित हैं, तो उनके नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र किसने बनवाए और बीमा कंपनी ने दावे मंजूर करने से पहले दस्तावेजों की जांच कैसे की? इन सवालों के जवाब जांच में सामने आना जरूरी है। फिलहाल किसी व्यापक नेटवर्क या अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता की पुष्टि नहीं हुई है। कुकदूर थाना प्रभारी संजय मिश्रा ने बताया कि मध्यप्रदेश पुलिस के डीएसपी से फोन पर जानकारी मिली थी। उनसे तीनों व्यक्तियों का सत्यापन करने को कहा गया था। उन्होंने तस्दीक कर उनके जीवित होने की सूचना दे दी है। फिलहाल उन्हें मामले में इससे अधिक जानकारी नहीं है।

बस-ऑटो का किराया बढ़ने से विद्यार्थियों की बढ़ीं मुश्किलें

- विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क बस सेवा शुरू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



बस और ऑटो के किराए में बढ़ोतरी से स्कूली बच्चों और कॉलेज के विद्यार्थियों की परेशानियां बढ़ गई हैं। बढ़ती महंगाई के बीच आवागमन का खर्च विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बन रहा है।

इस मुद्दे को लेकर एनएसयुआई छात्र नेता दुर्गेश जायसवाल ने विरोध जताते हुए राज्य सरकार से विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क बस सेवा शुरू करने की मांग की है। दुर्गेश जायसवाल ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक विद्यार्थी का अधिकार है, लेकिन परिवहन का खर्च बढ़ने से स्कूल और कॉलेज तक पहुंचना भी चुनौती बनता जा रहा है।

विशेषकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों से पढ़ाई करने आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन बस और ऑटो से आवागमन करना पड़ता है। ऐसे में किराए में बढ़ोतरी का सीधा असर उनके परिवारों के बजट पर पड़ रहा है। उन्होंने राज्य की भाजपा सरकार और शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव के समय युवाओं से बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन विद्यार्थियों की बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए ठोस पहल नजर नहीं आती। सरकार को विद्यार्थियों की सुविधा और शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए परिवहन संबंधी समस्याओं का निराकरण करना चाहिए।

विद्यार्थियों के लिए मांगी राहत

एनएसयुआई छात्र नेता ने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित, सुलभ और किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना भी जरूरी है। दुर्गेश जायसवाल ने स्कूली एवं कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क बस सेवा शुरू करने, बढ़ते किराए से राहत दिलाने, ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए विशेष परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने तथा रियायती किराए और छात्र पास की व्यवस्था प्रभावी बनाने की मांग की है। साथ ही शिक्षा विभाग से विद्यार्थियों की परिवहन संबंधी समस्याओं पर तत्काल संज्ञान लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एनएसयुआई छात्र-छात्राओं के अधिकारों और उनकी समस्याओं को लेकर आवाज उठाती रहेगी। सरकार को समझना चाहिए कि शिक्षा पर किया गया खर्च देश के भविष्य में निवेश है और विद्यार्थियों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराना उसकी जिम्मेदारी है।

खबर संक्षेप

युवा जनता कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने राकेश

कवर्धा। कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के युवा संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रवि उपाध्याय ने नई नियुक्ति सूची जारी की है। इसके तहत बरबसपुर निवासी और फ्यूचर फाउंडेशन स्कूल से जुड़े सक्रिय कार्यकर्ता राकेश भट्ट को कबीरधाम जिले का नया युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश भट्ट ने कहा कि युवा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाकर जमीनी मुद्दों पर संघर्ष तेज किया जाएगा। इस नियुक्ति पर जैसीसीजे जिलाध्यक्ष, अन्य पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

पंचायत उपचुनाव के लिए निर्वाचक नामावली तैयार

कवर्धा। त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 के लिए कबीरधाम जिले में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तुलिका प्रजापति ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों के तहत यह नियुक्तियां की हैं। निर्वाचक नामावली 1 अक्टूबर 2026 की संदर्भ तिथि के आधार पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तैयार होगी।

अंचल का बदल रहा मौसम, ठंड की दस्तक

कवर्धा। अंचल का मौसम एक बार फिर बदला-बदला सान नजर आ रहा है और शीत ऋतु दस्तक देती नजर आ रही है। मौसम में आए इस बदलाव के चलते अब कवर्धा सहित अंचल में सुबह सूर्योदय के पूर्व और शाम को सर्यास्त के बाद हल्की गुलाबी ठंड महसूस की जा रही है। माना जा रहा है कि आने वाले दिन ठंड और बढ़ेगी।

घर और दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

मध्यप्रदेश के बालाघाट से पकड़े गए आरोपी



- जेवरात व बाइक समेत 1.74 लाख का सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम छोटूपारा में घर और किराना दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले मध्यप्रदेश के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के आभूषण और वारदात में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल समेत कुल 1.74 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राकेश कुसरे आयु 29, निवासी अकलपुर, थाना मलाजखंड और अमर मरकाम आयु 24, निवासी डोंगरिया, थाना बिरसा, जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश) के रूप में हुई है। घटना 18 अक्टूबर 2026 की है।

ग्राम छोटूपारा निवासी किराना व्यवसायी रेवाराम साहू घर और दुकान में ताला लगाकर गांव में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने गए थे। रात करीब 1.30 बजे लौटने पर घर के दरवाजे और अलमारियों के ताले टूटे मिले। जांच करने पर घर से नकदी और सोने-चांदी के आभूषण तथा दुकान से नकदी गायब मिली।

चोरी की गई संपत्ति की कीमत करीब 74 हजार रुपये आंकी गई। शिकायत पर सहसपुर लोहारा थाने में अपराध क्रमांक 169/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) और 305(ए) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों तक पहुंची पुलिस

चोरी की घटना के बाद पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में दबिश दी गई, जहां से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर सोने के नौ पत्तीदार आभूषण, चांदी का करधन और एक जोड़ी चांदी की पायल बरामद की। इनकी अनुमानित कीमत 74 हजार रुपये बताई गई है। इसके अलावा वारदात में प्रयुक्त करीब एक लाख रुपये कीमत की अपाचे मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश के विभिन्न थानों में चोरी और आर्म्स एक्ट से जुड़े मामलों की जानकारी भी सामने आई है। सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र के दो अन्य प्रकरणों में भी उनकी संलिप्तता बताई गई है। इस कार्रवाई में थाना पुलिस और साइबर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

त्योहारों से पहले पांडातराई में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

आगामी त्योहारी सीजन में शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत एवं तहसील प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

तहसीलदार पांडातराई और मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने नगर के प्रमुख मार्गों के किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया।

जेसीबी की मदद से सार्वजनिक रास्तों पर बनाए गए चबूतरे, सीढ़ियां और अस्थायी झोपड़ियों को हटाकर आवागमन के लिए रास्ता खाली कराया गया। नगर के प्रमुख मार्गों के किनारे अतिक्रमण के कारण सड़कें संकरी हो रही थीं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। त्योहारों के दौरान



बाजार में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने समय रहते अतिक्रमण हटाने की पहल की है। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों को समझाइश देते हुए सार्वजनिक रास्तों पर दोबारा कब्जा नहीं करने की हिदायत दी गई। प्रशासन की इस कार्रवाई से प्रमुख मार्गों पर आवागमन सुगम होने की उम्मीद है।

हालांकि, अतिक्रमण हटाने के बाद रास्तों को स्थायी रूप से कब्जामुक्त रखना भी बड़ी चुनौती होगी। यदि नियमित निगरानी नहीं की गई, तो कुछ ही दिनों में दोबारा अतिक्रमण होने की आशंका बनी रहेगी। अब देखना होगा कि नगर पंचायत और तहसील प्रशासन इस कार्रवाई को कितनी निरंतरता के साथ आगे बढ़ाते हैं।

त्योहारों के दौरान आम नागरिकों को जाम से राहत दिलाने के लिए जरूरी है कि सार्वजनिक रास्तों पर दोबारा कब्जा न हो और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

ग्राम दुल्लापुर के गन्ने के खेत में लगी भीषण आग, पीड़ित किसान को भारी नुकसान



हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम दुल्लापुर बाजार में गन्ने की खड़ी फसल में अचानक आग लगने से किसान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। किसान भारत उर्फ चटनी साहू के खेत में बीते शुक्रवार की शाम करीब 4 बजे आग लगी।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और खेत में खड़ी गन्ने की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में लाखों रुपये की फसल जलने की आशंका है। वहीं, पंडरिया की दमकल गाड़ी खराब होने के कारण समय पर अग्निशमन सहायता नहीं मिल सकी। इससे क्षेत्र की अग्निशमन व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार, खेत में आग लगने के बाद आग पर काबू पाने के लिए दमकल की मदद मांगी गई, लेकिन पंडरिया की दमकल गाड़ी खराब होने के कारण कवर्धा से वाहन बुलाना पड़ा। दमकल वाहन के पहुंचने तक गन्ने की फसल का बड़ा हिस्सा जल चुका था। ऐसे में समय पर अग्निशमन सुविधा उपलब्ध नहीं होने से किसान को भारी नुकसान होने की आशंका है। हालांकि अभी तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पीड़ित किसान ने क्षतिपूर्ति की मांग की है।

दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार, प्रस्ताव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, उनके अधिकारों के संरक्षण तथा दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार 2026 के लिए विभिन्न संवर्गों से उत्कृष्ट प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। इस पुरस्कार के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांग कर्मचारियों, दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत स्वैच्छिक संस्थाओं, सर्वोत्तम जिले तथा उत्कृष्ट नियोक्ताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभागों से पात्र दिव्यांग कर्मचारियों एवं संस्थाओं के प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। 25 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से समाज कल्याण विभाग, कबीरधाम को उपलब्ध कराएं।

पालकों ने कहा न नशा करेंगे, न दहेज लेंगे, न बाल विवाह करेंगे

पालकों ने लिया कुरीतियों से मुक्ति का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के शैक्षणिक परिदृश्य में एक प्रेरणादायक और सामाजिक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करने वाली खबर सामने आया है। कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा ने नशामुक्ति, बाल विवाह तथा दहेज कुप्रथा जैसी समाज को घुन की तरह चाटने वाली गंभीर बुराइयों के विरुद्ध एक सशक्त एवं व्यापक जागरूकता अभियान का आयोजन किया।

संस्था के दूरदर्शी प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी की पहल पर विद्यालय में अध्ययनरत दस विभिन्न गांवों से आए 112 पालकों को एक साथ एक मंच पर एकत्र कर इन सामाजिक कुप्रथाओं के उन्मूलन हेतु सामूहिक शपथ दिलाया गया। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य केवल विद्यार्थियों तक ही नैतिक शिक्षा को सीमित रखना नहीं था, बल्कि उनके अभिभावकों को भी इन सामाजिक व्याधियों के भयानक दुष्परिणामों से अवगत कराना था, ताकि सीधे पारिवारिक स्तर पर सकारात्मक और स्थायी बदलाव की बयार बह सके। शपथ ग्रहण के दौरान उपस्थित सभी पालकों ने अत्यंत उत्साह और सत्यनिष्ठा के साथ यह संकल्प लिया कि वे स्वयं कभी किसी प्रकार का नशा नहीं करेंगे, अपने बच्चों का परिपक्व आयु से पूर्व बाल विवाह नहीं कराएंगे और न ही दहेज का लेनदेन करेंगे।

इसके साथ ही अभिभावकों ने यह भी जिम्मेदारी उठाया कि वे अपने आसपास के ग्रामीण परिवेश में भी लोगों को जागरूक करने का निरंतर प्रयास करेंगे।

कई गांवों के पालकों ने कार्यक्रम में लिया हिस्सा



इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में दस गाँव छिरहा, जुनवानी, नवागांव तिवारी, लिमो, मगरदा, घोठिया, झलका, बाघुटोला, दुल्लापुर एवं बिरुटोला के पालकगणों ने भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. चन्द्रवंशी ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि समाज को इन बुराइयों से मुक्त कराने में शैक्षणिक संस्थानों की भी नैतिक जिम्मेदारी होता है। यदि विद्यालय परिवार और अभिभावक एक साथ मिल जाएं तो किसी भी कुप्रथा का समूल नाश संभव है। दस गांवों के पालकों द्वारा लिए गए इस सामूहिक शपथ ने क्षेत्र में न केवल इन गंभीर मुद्दों की रोकथाम के लिए एक मजबूत सामाजिक नींव तैयार किया है, बल्कि संपूर्ण अंचल में जन-जागरूकता और नव-जागरण की एक नई लहर का संचार भी किया है।

दीपावली की तैयारी में जुटे मूर्तिकार, मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं को दे रहे अंतिम रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

दीपावली पर्व नजदीक आते ही कवर्धा सहित अंचल के मूर्तिकार मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं के निर्माण में जुट गए हैं। गणेश प्रतिमा, भगवान विश्वकर्मा और मां दुर्गा की प्रतिमाओं को आकार देने के बाद अब मूर्तिकारों का पूरा ध्यान लक्ष्मी प्रतिमाओं पर है।

पर्व को देखते हुए कार्य में तेजी लाई गई है, ताकि समय पर प्रतिमाओं को तैयार कर ग्राहकों तक पहुंचाया जा सके। गौरतलब है कि परंपरा के अनुसार धनतेरस के दिन कवर्धा सहित आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न समितियों द्वारा सार्वजनिक पंडाल बनाकर मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं। इसके अलावा दीपावली के अवसर पर घरों में भी



मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है।

इसके चलते हर साल प्रतिमाओं की अच्छी मांग रहती है। पर्व की नजदीकी को देखते हुए मूर्तिकार दिन-रात प्रतिमाओं को आकार देने में लगे हुए हैं। प्रतिमाओं की बनावट, सजावट और आकर्षक स्वरूप पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

सार्वजनिक समितियों के साथ घरेलू ग्राहकों की मांग को ध्यान में रखते हुए विभिन्न आकारों की प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। मूर्तिकारों का कहना है कि दीपावली के लिए प्रतिमा निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। हर साल की तरह इस बार भी अच्छे व्यवसाय की उम्मीद है।

पर्व के दौरान प्रतिमाओं की मांग बढ़ने से उनके कारोबार को गति मिलने की संभावना है। दीपावली उनके लिए धार्मिक आस्था के साथ आजीविका का भी महत्वपूर्ण अवसर लेकर आती है।